तुरन्त		पूर्व मध्य रेल	प्रेस प्रकाशनी
Immediate		East Central Railway	Press Release

19 मार्च को मुजफ्फरपुर स्टेशन पर नन–इंटरलॉकिंग : चार पैसेंजर ट्रेन रद्द, दो का आंशिक समापन समस्तीपुर में तथा दो गाड़ियां चलेगी परिवर्तित मार्ग से

हाजीपुर : 18.03.2013

मुजफ्फरपुर–सीतामढी के बीच नवनिर्मित बड़ी लाईन को चालू करने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर स्टेशन पर 19 मार्च, 2013 को नन–इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है । इस कारण मुजफ्फरपुर स्टेशन से होकर गुजरने वाली 04 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द, 02 का आंशिक समापन समस्तीपुर में तथा 02 ट्रेन को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

रद्द की जाने वाली गाड़ी :–

1. दिनांक 19.03.13 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 55212 रक्सौल–मुजफ्फरपुर पैसेंजर ट्रेन
2. दिनांक 19.03.13 को मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 55211 मुजफ्फरपुर–रक्सौल पैसेंजर ट्रेन
3. दिनांक 19.03.13 को गोरखपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 55208 गोरखपुर–मुजफ्फरपुर पैसेंजर ट्रेन
4. दिनांक 20.03.13 को मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 55207 मुजफ्फरपुर–गोरखपुर पैसेंजर ट्रेन

आंशिक समापन/प्रारंभ की जाने वाली गाड़ी :–

1. दिनांक 19.03.2013 को सियालदह से खुलने वाली गाड़ी सं. 53131 सियालदह–मुजफ्फरपुर पैसेंजर ट्रेन का आंशिक समापन मुजफ्फरपुर के बदले समस्तीपुर में किया जायेगा यह ट्रेन समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर के बीच रद्द रहेगी । इसी प्रकार दिनांक 20.03.13 को मुजफ्फरपुर से खुलकर सियालदह जाने वाली गाड़ी सं. 53132 पैसेंजर ट्रेन मुजफ्फरपुर के बदले समस्तीपुर से ही खुलेगी अर्थात् यह ट्रेन मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर के बीच रद्द रहेगी ।

2. दिनांक 19.03.2013 को भागलपुर से खुलकर मुजफ्फरपुर आने वाली गाड़ी सं. 13419 भागलपुर–मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस का आंशिक समापन समस्तीपुर में किया जायेगा । इसी क्रम में दिनांक 19.03.13 को मुजफ्फरपुर से खुलकर भागलपुर जाने वाली गाड़ी सं. 13420 मुजफ्फपुर–भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर के बदले समस्तीपुर से ही खुलेगी । अर्थात् गाड़ी सं. 13419/13420 की सेवा दिनांक 19.03.13 को समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर के बीच रद्द रहेगी ।

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली गाड़ी :–

1. दिनांक 18.03.2013 को ग्वालियर से खुलकर बरौनी जाने वाली गाड़ी सं. 11124 ग्वालियर–बरौनी मेल अपने पुराने मार्ग हाजीपुर–मुजफ्फरपुर–समस्तीपुर–बरौनी के बजाय परिवर्तित मार्ग हाजीपुर–शाहपुर पटोरी–बरौनी होकर चलायी जायेगी ।
2. दिनांक 19.03.2013 को बरौनी से खुलकर ग्वालियर जाने वाली गाड़ी सं. 11123 बरौनी–ग्वालियर मेल अपने पुराने मार्ग बरौनी–समस्तीपुर–मुजफ्फरपुर–हाजीपुर के बजाय परिवर्तित मार्ग बरौनी–शाहपुर पटोरी–हाजीपुर होकर चलायी जायेगी ।

(अमिताभ प्रभाकर)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी